| |
|---|
| दिनांक 03.11.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 03/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद मऊ/थाना कोपागंज</u>**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित**
- **लूट/चोरी का 9710/–रूपये नगद**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 02/03.11.2024 की रात्रि थाना कोपागंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सरवां कक्रीट प्लाण्ट के पास पुलिस कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त दीपक उर्फ देवदत्त घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट/चोरी का 9710/–रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोपागंज पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद मऊ, आजमगढ़ के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 10 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोपागंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–दीपक उर्फ देवदत्त निवासी ब्रम्हस्थान थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1—लूट / चोरी का 9710 / —रूपये नगद।

2—01 मोबाइल फोन।

3—01 मोटर साइकिल।

4—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित / खोखा कारतूस।

## जनपद खीरी / थाना पलिया

- **10—10 हजार रूपये के 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित / खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 02 / 03.11.2024 को थाना पलिया पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्तों 1—विनोद कुमार 2—जागेश्वर कुमार 3—शिवा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे / निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित / खोखा कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सम्पूर्णानगर पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10—10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त जागेश्वर कुमार के विरूद्ध जनपद खीरी के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 06 अभियोग, अभियुक्त विनोद कुमार व शिवा के विरूद्ध जनपद खीरी के विभिन्न थानों पर चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना पलिया पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—विनोद कुमार निवासी मुसाफिर नगर थाना पलिया जनपद खीरी।

2—जागेश्वर कुमार निवासी ग्राम मुसाफिर नगर थाना पलिया जनपद खीरी।

3—शिवा निवासी ग्राम खुशीनगर थाना पलिया जनपद खीरी।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर—24**

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 4700/—रूपये नगद**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल**
- **02 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 03.11.2024 को थाना सेक्टर—24 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सेक्टर—54 टी प्वाइंट पर बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—राजा 2—मिथुन घायल हो गये, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 4700/—रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल, 02 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर—24 पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—राजा निवासी ग्राम दरगाहपुर थाना बछवारा जनपद बेगूसराय, बिहार हालपता—गली नं0—01 ग्राम होशियारपुर सेक्टर—51 नोएडा, गौतमबुद्धनगर।

2—मिथुन निवासी ग्राम दरगाहपुर थाना बछवारा जनपद बेगूसराय, बिहार हालपता—गली नं0—01 ग्राम होशियारपुर सेक्टर—51 नोएडा, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–लूट के 4700/–रूपये नगद।

2–01 मोबाइल फोन।

3–01 मोटर साइकिल।

4–02 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद गोरखपुर/थाना कोतवाली**

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 36 लाख 61 हजार रूपये नगद**
- **चोरी के सोने चॉदी के सिक्के**
- **05 मोबाइल फोन**
- **02 दो पहिया वाहन बरामद**

दिनॉक:03.11.2024 को थाना कोतवाली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कालेसर जीरो प्वाइंट रोड पुल के पास से 04 अभियुक्तों 1–राजकुमार उर्फ टिंकू 2–सुल्तान उर्फ राजू 3–आदर्श उर्फ सलोने 4–रामरक्षा उर्फ तेजू को गिरफ्तार किया गया तथा एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 36 लाख 61 हजार रूपये नगद, चोरी के सोने चॉदी के सिक्के, 05 मोबाइल फोन, 02 दो पहिया वाहन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनॉक: 21.10.2024 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये आदि उक्त घटना से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त राजकुमार उर्फ टिंकू के विरूद्ध जनपद गोरखपुर, महराजगंज के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट, डकैती, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 14 अभियोग, अभियुक्त सुल्तान उर्फ राजू के विरूद्ध जनपद गोरखपुर, नेपाल के विभिन्न थानों पर

चोरी, गैगेस्टर एक्ट आदि के एक दर्जन अभियोग व अभियुक्त रामरक्षा उर्फ तेजू के विरूद्ध जनपद गोरखपुर, नेपाल के विभिन्न थानों पर लूट, हत्या का प्रयास, चोरी आदि के 07 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राजकुमार उर्फ टिंकू निवासी हृदयपट्टी थाना मधुबन जनपद मऊ हालपता–रामजानकी नगर गंगा टोला शिवपुर के पास बशारतपुर जनपद गोरखपुर।

2–सुल्तान उर्फ राजू निवासी घोषीपुर थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर हालपता–कांशीराम आवास योजना थाना रामगढ़ताल, गोरखपुर।

3–आदर्श उर्फ सलोने निवासी गोविन्दपुर थाना बक्सा जनपद गोरखपुर।

4–रामरक्षा उर्फ तेजू निवासी नकहा नं0–02 गिदहवा टोला थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी के 36 लाख 61 हजार रूपये नगद।

2–चोरी के सोने चॉदी के सिक्के।

3–05 मोबाइल फोन।

4–02 दो पहिया वाहन।

## जनपद शाहजहॉपुर/थाना कांट

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **चोरी के 90 हजार रूपये नगद**
- **01 मोबाइल फोन बरामद**

दिनॉकः 03.11.2024 को थाना कांट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 02 अभियुक्तों 1–विकास 2–पंकज को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का

अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 90 हजार रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कांट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कांट पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कांट पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विकास निवासी ग्राम जमौर थाना कांट जनपद शाहजहॉपुर।

2–पंकज निवासी ग्राम जमौर थाना कांट जनपद शाहजहॉपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी के 90 हजार रूपये नगद।

2–01 मोबाइल फोन।

## जनपद कुशीनगर/थाना खड्डा

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 05 लाख रूपये कीमत के 102 पेटी से अधिक अवैध अंग्रेजी शराब**
- **घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद**

दिनॉकः 03.11.2024 को थाना खड्डा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1–अरविन्द कुमार 2–जसवीर कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 05 लाख रूपये कीमत के 102 पेटी से अधिक अवैध अंग्रेजी शराब, घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध थाना खड्डा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—अरविन्द कुमार निवासी सोनारीकला थाना शिवाजी कालोनी जनपद रोहतक, हरियाणा।

2—जसवीर कुमार निवासी रोहाना थाना खरखौदा जनपद सोनीपत, हरियाणा।

**<u>बरामदगी</u>**

1—लगभग 05 लाख रूपये कीमत के 102 पेटी से अधिक अवैध अंग्रेजी शराब।

2—घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन।

**<u>जनपद संतकबीरनगर/थाना धनघटा</u>**

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 06 दो पहिया वाहन बरामद**

दिनॉकः 03.11.2024 को थाना धनघटा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 05 अभियुक्तों 1—अयोध्या 2—शुभम 3—आजाद 4—प्रीवेश कुमार 5—उज्जवल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 06 दो पहिया वाहन बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना धनघटा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—अयोध्या निवासी जखनी थाना कोतवाली जनपद बस्ती।

2—शुभम निवासी शिवा कालोनी थाना कोतवाली जनपद बस्ती।

3—आजाद निवासी ग्राम जमिरा थाना महुली जनपद संतकबीर नगर।

4—प्रीवेश कुमार निवासी ग्राम जमिरा थाना महुली जनपद संतकबीर नगर।

5—उज्जवल निवासी चोलखरी थाना महुली जनपद संतकबीर नगर।

**<u>बरामदगी</u>**

1—चोरी की 06 दो पहिया वाहन।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना मीरापुर**

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहा अभियुक्त गिरफ्तार**
- **06 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **02 जीवित कारतूस विभिन्न बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनॉकः 02.11.2024 को थाना मीरापुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भुम्मा नहर पुल के दाहिनी तरफ मवाना की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते ईख के खेत से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहा अभियुक्त निसार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 06 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, 02 जीवित कारतूस विभिन्न बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गुण्डा एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना मीरापुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–निसार निवासी ग्राम भुम्मा थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1–06 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर।

2–02 जीवित कारतूस विभिन्न बोर।

3–अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

———————